भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 205
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0

205. श्री रविन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश को स्वदेश दर्शन 2.0 योजना में शामिल किया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): जी हां, मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत विकास हेतु उत्तर प्रदेश में प्रयागराज और नैमिषारण्य सहित देश में 57 गंतव्यों को चिन्हित किया है। इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने मार्च 2024 में 13.02 करोड़ रू. की राशि से प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में "आजाद पार्क तथा देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस" और 15.95 करोड़ रू. की राशि से नैमिषारण्य, उत्तर प्रदेश में ''वैदिक वेलनेस एक्सपीरियंस'' नामक दो परियोजनाओं को स्वीकृति दी है।

*****